मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर के वन रक्षक प्रशिक्षणर्थियों का आफरी दौरा

मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर के पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम के 24 वन रक्षक प्रशिक्षणर्थियों के एक दल ने क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री पूनाराम सिसोदिया के नेतृत्व में दिनांक 2/11/2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया । कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने प्रशिक्षणर्थियों को संस्थान एवं संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों, उपलब्धियों एवं विकसित तकनीक का ब्यौरा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया । संस्थान के वैज्ञानिक एवं जन संपर्क अधिकारी डॉ. एन.के. बोहरा ने जल एवं मृदा संरक्षण के बोर में जानकारी दी । इसके बाद दल ने विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर शोध गतिविधियों का अवलोकन किया एवं शोध कर्त्ताओं से विचार-विमर्श के द्वारा वानिकी अनुसंधान से संबंधित जानकारियाँ हासिल की ।

तत्पश्चात् इस दल ने संस्थान के निर्वचन एवं विस्तार केन्द्र का भ्रमण कर वहाँ प्रदर्शित शोध गतिविधियों, विभिन्न सूचनाओं एवं सामग्री का जायजा लिया। यहाँ श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने अवक्रमित पहाड़ियों (Degraded Hills) की पुर्नस्थापना, टिब्बा स्थिरीकरण (Sand dune stablization), जल प्लावित क्षेत्रों (Water logging areas) की पुर्नस्थापना आदि से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी। भ्रमण के दौरान श्री रतनाराम लोहरा, अनु.सहायक-प्रथम ने सहयोग किया।

ARAVALI THROUGH SOIL AND WATER CONSERVATION
SAND DUNE STABILIZATION THROUGH SURFACE VEGETATION
SOILS ASSOCIATED

PRODUCTIVITY ENHANCEMENT

विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र